डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुधनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, 15, 2080 | भोपाल,दिन गुरूवार, दिनांक 04 दिसंबर ,2025

न्यूज गैलरी

अभियंता संघ ने ऊर्जा मंत्री को चिट्ठी लिखी

भोपाल। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर बताया कि मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी महज 30-35 स्वीकृत मानवबल के सहारे पूरे राज्य की व्यवस्था चला रही है। हाल ही में 220 केवी सबस्टेशन सतना में हुई दुर्घटना को संघ ने गहरा संकेतक की भारी कमी, अनस्टेबिल लाइन स्टाफ की तैनाती और अत्यधिक कार्यभार का नतीजा बताया। संघ के महासचिव विवेक शुक्ला ने कहा कि एक अधिकारी को दो-तीन सबस्टेशनों का प्रभार देना अनुचित और अव्यावहारिक है।

सीबीडीटी की दूसरी मुहिम शुरू

भोपाल । सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस (सीबीडीटी)ने 26 नवंबर से अपनी दूसरी मुहिम शुरू कर दी है। इसमें 25,000 हाई रिस्क करदाताओं को एसएमएस और ई-मेल से अलर्ट भेजे जाने हैं। ये वे लोग हैं जिनके नाम विदेशों से मिले वित्तीय डेटा में दर्ज हैं, लेकिन उनकी इनकम टैक्स रिटर्न में विदेशी संपत्ति या विदेश से आय का विवरण नहीं है।

काउंटर से टिकट लेने पर नई व्यवस्था

भोपाल। रेलवे ने रानी कमलापति से नई दिल्ली और वीवा जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के तत्काल टिकट भी ओटीपी वेरिफिकेशन पर आधारित कर दिए हैं। यह सिस्टम पहले रानी कमलापति-नई दिल्ली शताब्दी में लागू किया गया था। पायलट प्रोजेक्ट सफल रहने पर बुधवार से इसे रानी कमलापति-नई दिल्ली वंदे भारत और रानी कमलापति-वीवा वंदे भारत में प्रभावी कर दिया गया।

पीडब्ल्यूडी ने 105 करोड़ से बनाया प्रस्ताव

भोपाल । भोपाल-विदिशा को जोड़ने वाले लोला रोड पर बीपेका कला गांव के पास अब 18 मीटर चौड़ा पुल बनेगा। अभी वहां 15 मीटर चौड़ा पुल लोक निर्माण विभाग की द्वि स्तरीय इकाई करीब 59 करोड़ रुपए की लागत में बनाया जा रहा था। अब 105 करोड़ रुपए का नया प्रस्ताव भेजा गया है।

किसान की बेटी को नायब तहसीलदार ने जड़ा थप्पड़

छतरपुर। छतरपुर में नायब तहसीलदार नीतू सिंघई ने एक युवती को थप्पड़ मार दिया। युवती का आरोप है कि उसने नीतू सिंघई से कहा कि उन्हें तीन महीने से लाभ लेने जा रही हैं, लेकिन नहीं मिल रही। सिंघई ने कहा कि महिलाओं को टोकन नहीं मिलेंगे, केवल पुरुषों को मिलेंगे। दोबारा टोकन मांगा तो तहसीलदार ने थप्पड़ वीडियो बनाए कलेक्टर ने मांगा उसने टोकन मांगा। नीतू स्पष्टीकरण मांगा गया है।

एएमए की मांग पर जारी किया स्ट्रेबेकेंसी का दूसरा राउंड

भोपाल। मध्यप्रदेश के 63 आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी आयुष मेडिकल कॉलेजों में स्ट्रेबेकेंसी प्रबंध राउंड के पूर्व 2007 आयुष सूची सीटें रिक्त थी। स्ट्रेबेकेंसी प्रथम राउंड के पश्चात लगभग 1250 से ज्यादा आयुष सूची सीटें खाली रह गई हैं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि संगठन ने संभागीयालय आयुष मप्र व केंद्रीय आयुष मंत्रालय से नीट पसेंटाइल कम कर पुनः एक राउंड की अतिरिक्त काउंसलिंग करने की मांग की थी।

बुधवार को सहा शासन के मंत्री विश्वास सारंग , लखन पटेल ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया

डिफाल्टर किसानों को राहत देने सरकार वन टाइम सेटलमेंट योजना लाएगी , मंत्री विश्वास सारंग

प्रदेश कार्यालय में मंत्री सारंग और पटेल ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद सहकारिता मंत्री सारंग ने मीडिया से संवाद किया।

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को सहा शासन के मंत्री विश्वास सारंग एवं लखन पटेल ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। दोपहर 1 से शुरू हुआ यह संवाद में 3 बजे तक चला। इस दौरान कार्यकर्ताओं को जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हो सका उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया।

कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मप्र भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा बनाई गई व्यवस्था से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। कांग्रेस से किसी भी प्रकार के सम्मान या सकारात्मक राजनीति की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के डिफाल्टर किसानों को राहत देने के लिए जल्द ही वन-टाइम सेटलमेंट योजना लाई जाएगी। डिफाल्टर सूची से किसानों को निकालकर रेवेन्यू बोर्ड में शामिल किया जाएगा, ताकि वे फिर से ऋण प्राप्त कर सकें। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए गबन और घोटालों का असर किसानों पर न पड़े, इसके लिए सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्थाएं लाई जा रही है।

प्रमुख बातें

कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं बरित समाधान किया गया

सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्था लाएंगे

पटवारी अपने घर से कांग्रेस का संगठन को चला रहे

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने घर से कांग्रेस का संगठन को चला रहे है इसलिए कांग्रेस की स्थिति प्रदेश में लगातार खराब होता जा रहा है। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को मध्यप्रदेश विकासखण्ड और लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से नकारकर सत्ता से दूर विपक्ष में बैठाया है। कांग्रेस को अपनी समीक्षा करनी चाहिए कि लगातार मध्यप्रदेश की जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार क्यों दिया है।

जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित

भाजपा कार्यालय में बाबा के जी पंचांग करना और जनसमस्याओं के समाधान के लिए वैन यह दूसरा है कि कई कार्यकर्ता दिन और रात्रि के प्रति पूर्णतः समर्पित है। यह निश्चित सराहनीय आजके जनसमस्याओं के प्रति संवेदना भाव से इंगित करता है। – **आशुतोष कर्मा, जबलपुर**

यह बहुत ही बेहतर पहल

कार्यकर्ता जब अपनी सही पहुंचना है तो उसके पीछे है।सह शासन को और मध्यमा बनाने के लिए कार्यकर्ता को यह अनुभव कराती है कि उनकी सही मायने में कद्र हो गई है। यह बहुत ही बेहतर पहल है।

अशोक विश्वकर्मा, प्रदेश सहसंयोजक जोश

कार्यकर्ता खुश और संतुष्ट

कार्यकर्ताओं का सम्मेलन की यह एक अच्छी पहल है। कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के माध्यमों का हल प्राप्त किया जा रहा है। यह से कार्यकर्ताओं की जनसमस्या को के सुगम समाधान के लिए बेहतर होता है। कार्यकर्ता इससे खुश और संतुष्ट है।

सुरेंद्र सिंह शिकरवार, पूर्व विधायक, औरंगाबाद

जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा: पटेल

मंत्री लखन पटेल ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के समाधान के लिए अच्छी व्यवस्था बनाई है। प्रतिदिन सरकार के मंत्री कार्यालय प्रदेश कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगे तो इसका जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा। कांग्रेस के पास कोई काम नहीं बचा है, इसलिए उसकी पार्टी को व्यवस्था पर संवाद पता रही है। अगर कांग्रेस ने अच्छा काम किया होता तो मंत्री और राज्य में सत्ता से सत्ता से बाहर नहीं होती। कांग्रेस 50 साल सत्ता में रही, लेकिन जनता के कल्याण के लिए कोई कार्य नहीं किया।

कार्यकर्ताओं में विश्वास बढ़ेगा

यह संगठन की एक बेहतर पहल है। सरकार के मंत्री कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगे तो इससे कार्यकर्ताओं में विश्वास बढ़ेगा।

योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी मिलती रहेगी: मंत्री सारंग

मंत्री सारंग ने कहा कि कार्यकर्ताओं से संवाद की इस व्यवस्था से भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी और लाभदायी योजनाओं और विकास कार्यों के प्रगति संबंधी जानकारी भी समय-समय पर मिलती रहेगी, और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि व्यापार नेता अनावश्यक मुद्दे उठाकर सिर्फ मीडिया में स्थान पाने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को जनता लगातार अपना आशीर्वाद देती आ रही है, यही कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता है। कांग्रेस की पुरानी आदत है वो सदृश गर्मी विदेश जाकर प्रधानमंत्री का अपमान करते हैं, तो कभी उनके नेता सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी करते हैं।

भोपाल में रात का पारा मामूली बढ़ा फिर भी हवाओं में तेज सर्दी बरकरार

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी सहित कुछ जिलों में बुधवार को रात का पारा मामूली बढ़ा, लेकिन हवाओं में ठंडक के तेवर कम नहीं हुए हैं। अभी तीन दिन तापमान में ज्यादा कमी नहीं आएगी। इसके बाद फिर से गिरावट होगी। मौसम विशेषज्ञ एवं सूत्रों के अनुसार अभी प्रदेश पूरी तरह उत्तरी नहीं होने से कड़ाके की सर्दी नहीं है। 7 दिसंबर के बाद सर्दी में कुछ बढ़ोतरी की उम्मीद है। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से हवाएं बदलेंगी, जो सर्दी बढ़ाएंगी। प्रदेश में अभी तापमान सामान्य से कम बने रहने का ट्रेंड बरकरार, सिवनी में कड़कड़ी, हवाएं पूरी तरह उत्तरी होने पर 7 दिसंबर के बाद ठंडी कड़ाके की सर्दी

उत्तर प्रदेश पर इन्फ्लूएंस सिस्टम विशेषज्ञ दुबल के अनुसार अभी उस पश्चिमी विक्षोभ सहुलेशन के रूप में उत्तरी पाकिस्तान और कश्मीर के आसपास है। एक इन्फ्लूएंस सिस्टम उत्तर मध्यप्रदेश उत्तर प्रदेश के आसपास है। इससे अभी हवाएं पूरी तरह उत्तरी नहीं हो पाई हैं जिससे सर्दी बढ़ रही है। इस कारण 7 दिसंबर के बाद ठंडी कड़ाके की सर्दी पड़ने की संभावना है।

हवाओं में घुली है ठंडक

बुधवार रात से हवाओं में ठंडक अधिक महसूस की जा रही है, जबकि रात के तापमान में करीब एक डिग्री की बढ़त भी रही है। विशेषज्ञ सूत्रों के अनुसार इसका कारण पहले हो चुकी बारिशों के बाद हवाओं के रुख में मामूली बदलाव के साथ ही हवाएं अधिक ठंडी महसूस होती है जबकि तापमान बढ़ा हुआ ।

रात के तापमान में कमी मामूली रही और ठंडक बनी रही है। यह हम अभी जारी रहेगा।

महिला कांग्रेस की यात्रा: इंदौर से भोपाल तक निकली वाहन रैली, जीतू बोले- संगठन को ऊर्जा देगी यात्रा

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्य प्रदेश में महिला कांग्रेस के ऐतिहासिक में पहली बार इंदौर से भोपाल तक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने किया।

रैली के साथ ही महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रेमाबोरासी सेंथिया ने भोपाल पहुंचकर शिविरा रूप से अपना पदभारग्रहण किया। प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि महिला कांग्रेस की यह ऐतिहासिक यात्रा संगठन को नई ऊर्जा देगी और प्रदेश में महिला नेतृत्व को और सशक्त करेगी।

इधर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी की बरसी है और कांग्रेस जश्न मना रही है।

अनुभव: मुख्यमंत्री आज बड़े तालाब में शिकारा नाव का करेंगे शुभारंभ

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को दूसरे 9 बजे बड़े तालाब के कोट तलब पर 20 नवीन शिकारा नावों को सेवा का शुभारंभ करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में कई विधानसभा सदस्य भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश में पर्यटन विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

भोपाल के बड़े तालाब में

कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील की तर्ज पर शिकारे संचालित करने की यह अनूठी पहल की गई है। यह पहल न केवल प्रदेश के जल पर्यटन को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान देगी, बल्कि पर्यटकों के लिए प्रकृति के सान्निध्य में सुकून के कुछ पल बिताने का एक शानदार भी बनेगी। यह शिकारे अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षित चालकों की ओर से निर्मित किए गए हैं। यह शिकारे पूर्ण से लेकर, हिमाचल और असम से भी पर्यटकों को ओर से अच्छा फसंद किए जा रहे हैं। भोपाल का बोट क्लब इन आधुनिक शिकारों के साथ पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार होगा। बड़ी झील की लहरों पर खड़े शिकारे हवाखोर सुख उदेश्य प्रदेश ने कॉस्ट टूरिस्ट को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है। प्रदेश में पहली बार इतने बृहद स्तर पर शिकारा का संचालन किया जा रहा है।

बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए किया जाएगा तैयार

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में अधिकाधिक नागरिकों एवं आयुष्मान योजना का लाभ दिलाना जरूर। ऐसे अस्पताल व डॉक्टर आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करते हैं या इस योजना में इम्पैनल नहीं हैं, उन्हें भी योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं ऐसे विद्यार्थी, जिनकी फीस सरकार द्वारा वहन की जा रही है, ऐसे बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को मध्यप्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए रोका जाए।

बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके नामांकन को रिवाईज कर हमारे नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फिल्ड के अस्पतालों में इन्हीं सीटों को लाएं। डॉ. यादव कुशवाह को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सहित सचिव एवं ऑनरेबिल स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, कार्यालयों और संचालित गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सुक्ला, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को शासकीय डॉक्टर्स के रूप में भर्ती करने के लिए इनकी भर्ती नियम संशोधित किए जा रहे हैं। इनके लिए जल्द ही मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीमच उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सुक्ला, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस की स्थापना के लिए निर्माण को बढ़ाई दी।

उलझन | एक विभागीय कार्यक्रम में सामने आई समस्या

सरपंचों ने फिक्स मद की राशि को दूसरे काम में खर्च करने की इजाजत मांग

मप्र की 23 हजार से अधिक पंचायतों में करीब 70 हजार विकास कार्य नियमों में उलझकर रह गए हैं

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

करीब दस दिन पहले भोपाल में आयोजित एक विभागीय कार्यक्रम के बाद यह जानकारी सामने आई। इसमें सरपंचों ने बताया कि सरकार की तरफ से डर्ड और 15वें वित्त आयोग के तहत जो राशि दी जाती है, उसे वहां खर्च करना है, यह फिक्स करके रखा है।

ऐसे में जो काम पहले जरूरी है, उन्हें करना मुश्किल हो गया है। ऐसे पूरे प्रदेश में करीब 70 हजार विकास कार्य शामिल हैं। इनमें सोलर पुलिया, कांक्रीट सीसी रोड, तालाब और स्टील डेमकनिकल हैं। पंचायतों में आधे तीन तरह की रोक लगी है। पहली यह कि निर्माण के दौरान पंचायत में किसी भी तरह की निधि, दूसरे का सेट खाते की अनुमति नहीं है। सरपंचों ने इसकी अनुमति मांगी है। वहीं 15वें वित्त आयोग ने प्रायः राशि में जो रायल्टी कभी किसी काम विशेष के लिए राशि किसका कर दी है, उससे दूसरे काम करने की अनुमति भी मांगी है। इसका मुख्य कारण है ज्यादातर पंचायतों में जल जीवन मिशन का काम चल रहा है और आवंटन के चिंति राशि में भी नल-जल के लिए राशि दी जा रही है। इसकी वजह से यह रायल्टी पुलिया, कांक्रीट सीसी रोड, तालाब और स्टील डेमकनिकल हैं। इसमें नल-जल के लिए इसे काम में लेने की अनुमति मांगी है। इसका मुख्य कारण है कि इसे नल-जल में उपयोग करने करने दिखाकर खर्च कर दिया जाता है।

जिला पंचायत और जनपद पंचायत अध्यक्ष भी खफा

मप्र के सभी 55 जिला पंचायत और 313 जनपद पंचायत अध्यक्ष भी बदलावों से खफा है। इनका कहना है कि बेहतर होगा कि मप्र में जिलाधीश पंचायत व्यवस्था खत्म करके अब सिर्फ पंचायत चुनाव कराए। उन्होंने कहा कि पहले इनके जिला पंचायत सीईओ, जनपद में जनपद पंचायत सीईओ की सीधाकर सिर्फ हमें का अधिकार होगा। अब कहां भी सीधे पंचायत में देना शुरू कर दिया। हमारे पास तो अपने क्षेत्र में काम कराने के लिए नाम मात्र का भी फंड नहीं है।

आयोजन के बाद सभी जिला पंचायत अध्यक्षों और जनपद पंचायत अध्यक्षों की ओर से सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें दर्ज कराने का मन बना चुके हैं। जिला पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद बाजपेई ने कहा कि हो उन्होंने बताया कि बेहतर होगा कि सरकार जिलाधीश पंचायत व्यवस्था को खत्म करके अब सिर्फ पंचायत चुनाव कराए। उन्होंने बताया कि पहले इनके जिला पंचायत सीईओ, जनपद में जनपद पंचायत सीईओ की सीधाकर सिर्फ हमें का अधिकार होगा। अब कहां भी सीधे पंचायत में देना शुरू कर दिया। हमारे पास तो अपने क्षेत्र में काम कराने के लिए नाम मात्र का भी फंड नहीं है।

सीएम हेल्पलाइन की बाहरी शिकायतों पर रोक की मांग

सरपंचों ने शिवपुरी से मांग की है कि उनकी पंचायतों में बाहरी लोगों द्वारा सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से की जाने वाली शिकायतों पर रोक लगाई जाए। उन्होंने शिवपुरी के कुछ पंचायत का कोई व्यक्ति यदि शिकायत करता है तो कोई परेशानी नहीं, लेकिन बाहरी व्यक्ति की शिकायतों पर रोक लगनी चाहिए। शिवपुरी से मिली जानकारी के अनुसार ऐसी करीब 59 हजार से अधिक शिकायतों है, जो पंचायत से बाहर के व्यक्ति ने की है। जानकारी मिली है कि तीनों मांगों पर विचार में जल्दी निर्णय लिया जाएगा।

सीएम अंतरराष्ट्रीय चीता क्विज पर आज कूनो से जंगल में छोड़ेंगे 3 चीते

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर गुरुवार 4 दिसम्बर को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 3 चीतों को बड़े बाड़े से खुले जंगल में छोड़ेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 3 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश को चीता परियोजना की सौगात मिली थी। मोदी ने 17 सितम्बर, 2022 को अपने जन्म-दिवस पर कूनो पालपुर में चीते छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। नामीबिया से लाकर चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाया गया था। तीसरा में कूनो पालपुर और नौरादेही सागर अभयारण्य में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में प्रोजेक्ट चीता को इन्टरनेशनल इनिशिएटिव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। चीतों ने घास्तीय वातावरण को अनुकूलित कर ये पूरी तरह अपना लिया है। पिछले 3 वर्षों में 6 मादा चीता द्वारा 6 बार शावकों को जन्म देना इस परियोजना की सफलता और जलवायु परिवर्तन का परिचायक है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष14- 2082 सीहोर,दिन गुरूवार,दिनांक 04 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

1100 से अधिक शासकीय शालाओं का निरीक्षण

सीहोर। कलेक्टर श्री बालागुरु के एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती चर्चना यादव शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार धीमा गति से कार्य करने वाली शालाओं के निरीक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर द्वारा जिले की 1100 से अधिक शालाओं में निरीक्षणकर्ता नियुक्त किये गये हैं। जो कि शालाओं में उपस्थित होकर शालाओं का निरीक्षण करेंगे और मॉनिटरिंग कर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह मॉनिटरिंग कार्य 03 दिसंबर से 08 दिसंबर तक शालाओं का निरीक्षण करेंगे। यह निरीक्षण अभियान विद्यालयों की भौतिक स्थिति सुधारने और विभागीय योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कराने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। निरीक्षणकर्ताओं को सात दिवस में सर्कील रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

विद्यार्थियों को दिया गया मिलावट की जांच करने का प्रशिक्षण

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बुधनी के शासकीय हाई स्कूल में विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की जांच का प्रशिक्षण दिया गया। इस तीसरे सेमेस्टर की छात्रा खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती ज्योति प्रसाद द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच किस प्रकार की जाती है। इसके साथ ही स्कूल से मध्यान भोजन की जांच के लिए खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए गए हैं। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बुधनी स्थित दो दुकानों मां विजासन किराना स्टोर एवं शिवा किराना स्टोर से भी जांच के लिए विभिन्न खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए गए हैं।

विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 को

सीहोर। प्रदेश में ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था। उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है।इस परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र विद्यार्थियों के रोल नम्बर, परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल द्वारा अलग से भेजी जा रही है। विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर 2025 के पूर्व घोषित कर दिया जाएगा। इस परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी संभाग स्तरीय ओलम्पियाड 21 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को भाग ले सकेंगे।

यातायात व्यवस्था बनाने सिर्फ औपचारिकता

सीहोर। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ी हुई है। दुकानदारों का सामान और अवैध पार्किंग अब भी सड़कों पर कब्जा किए हुए है। इससे लोगों को रोजाना परेशानी हो रही है। वहीं मुख्य मार्ग पर बार बार जाम की स्थिति बनती है। गांधी रोड, बड़ा बाजार में काफी दिक्कतें हो रही है। वाहन फंस रहे है।

छात्र बोले बीआईटी में इंटीग्रेटेड एमटेक कंप्यूटर साइंस इन एआई की डिग्री से कम्प्यूटर साइंस शब्द गायब।

अपनी गलती नहीं मान रहा प्रबंधन, 10 से 20 लाख रुपए खर्च के बाद भी भविष्य लगा दांव पर

छात्रों के अनुसार 2020 के अंत में एडमिशन के समय उनके सिस्टम और वेबसाइट पर डिग्री का नाम इंटीग्रेटेड एमटेक कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन एआई ही था।

डीआर संवाददाता•सीहोर

जबलपुर स्थित प्रतिष्ठित वेलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) पर उसके छात्रों ने डिग्री के नाम पर धोखाधड़ी और भविष्य से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रों का कहना है कि उन्हें इंटीग्रेटेड एमटेक कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन एआई की डिग्री देने का वादा किया गया था, लेकिन अक्टूबर 2025 में मिली डिग्री में से कम्प्यूटर साइंस शब्द गायब कर दिया गया, जिससे एमटी कॉलेज पर संकट खड़ा हो गया है। छात्रों के अनुसार 2020 के अंत में एडमिशन के समय उनके सिस्टम और वेबसाइट पर डिग्री का नाम इंटीग्रेटेड एमटेक कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन एआई ही था। उस वक्त जब छात्रों ने इस विषय पर प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा तो प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि जो नाम सिस्टम में है, वही डिग्री में भी मिलेगा। इसी भरोसे पर छात्रों ने एडमिशन करवाकर लगभग 10 लाख रुपए खर्च कर दिए। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि 2020 के अंत में और सिस्टम से 2021 में कम्प्यूटर साइंस शब्द हटा दिया गया। यह समस्या 2019 बैच से 2025 तक के सभी छात्रों को प्रभावित कर रही है, जिनकी संख्या 600 से अधिक बताई जा रही है।

छात्रों को कहा, अब भविष्य दांव पर छात्रों का कहना है कि डिग्री में कम्प्यूटर साइंस न होने के कारण वे सरकारी नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे। वे केवल यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें एक ऐसा लिखित पत्र दिया जाए, जिसमें यह स्पष्ट रूप से लिखा हो कि सभी डिग्रियां (पुरानी और नई) समान हैं। प्रबंधन की गलती का खुलासा एआई जेनरेशन के मुख्य वरिष्ठ अध्यापकों ने छात्रों को अनौपचारिक रूप से बताया है कि यह प्रबंधन की गलती थी। यह नाम एमआईपी कोर्स से हटाया जाना था, लेकिन गलती से एमआईएम कोर्स से हट गया, जिसे अब कोई सुधारना नहीं चाह रहा क्योंकि यह बहुत बड़ी गलती है। इसी इस मामले में वीआईटी के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि इस मामले पर इस वरिष्ठ अधिकारियों को दिखवाएंगे।

गोल्ड मेडलिस्ट को लगाई फटकार

कॉल चार्ट एक छात्रों ने इस बुरे का विकल्पों की, लेकिन हर बार सेमेस्टर बदलने के कारण कोई समाधान नहीं निकला। जब अक्टूबर 2025 में छात्रों को इंटीग्रेटेड एमटेक इन एआई की डिग्री मिली तो गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा ने एचीवी और वाइस चांसलर सहित सभी उच्च प्रबंधन को इंगित किया। कई अन्य छात्रों ने भी यह किया, लेकिन कोई संतुष्ट नहीं मिला। इसके बजाय एकेडमिक डायरेक्टर ने छात्रों को फोन पर खुले आम कह कहते हुए कि 97 प्रतिशत नंबर लाने के बावजूद उन्हें पता नहीं कि कितने सर्च करना चाहिए। उन्होंने स्पीकर मिला कि गुरु में कम्प्यूटर साइंस डिग्री में शामिल था, लेकिन बाद में हटा दिया गया, वह तर्क देते हुए कि इन्होंने के साथ कम्प्यूटर साइंस खुद अपना में आ जाता है। उन्होंने छात्रों को अपनी कार्यालय डिग्रियों की गलतियों को दिखाने कम्प्यूटर के लिया कहा है।

छात्रों के प्रबंधन से सवाल

जब इतने के साथ कम्प्यूटर साइंस खुद शब्द से आता है और प्रबंधन को पता है तो उसे किसी पर लिखकर देने में क्या दिक्कत है। – छात्रों की मिल बाना के तहत इंजीनियर देने के बाद डिग्री का नाम बदला लाया।

जहां छात्र गए जानुनी है तो हमारा अधिकारिक आदेश तो छात्रों को उसी नहीं दिया गया

– यदि कोई कुछ देख दे तो विश्विद्यालय के जवाब देने से कोई भाग जा रहा है।

10 से 20 लाख रुपए खर्च, फायदा क्या?

छात्रों का कहना है कि फीस प्रायः सोलह, सोलह, अठारह, बाइस, पच्चीस और छब्बीस लाख रुपए तक थी। इसके बावजूद वीआईटी की कोर्स करते हुए छात्रों ने बताया कि 10 से 20 लाख रुपए खर्च करने के बाद छात्रों को अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, जबकि एमटेक सीनियर भी इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। छात्रों ने कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

घर के बाहर धूप में सो रही महिला पर कार चढ़ाई, सीसीटीवी फुटेज आया

डीआर संवाददाता•बुधनी

जिले के बुधनी क्षेत्र में आज दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। ठंड से बचने के लिए अपने घर के बाहर धूप में सो रही महिला पर मालवाहक ने कार चढ़ा दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि घर के सामने सो रही महिला पर एक वाहक ने कार चढ़ा दी। बुधवार को दोपहर दो बजे काम से लौटते हुए शख्स दिखा है। चौंकाने वाली बात यह है कि ड्राइवर बिना रुके कार चढ़ाते हुए नजर आ रहा है। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल महिला को बुधनी सिविल अस्पताल ले जाया गया। बताया गया है कि महिला के दोनों पैरों पर कार चढ़ी है। वृद्ध महिला अकेली रहती है और पोतिका का नाम सलिका बाई बताया जा रहा है। घटना बुधनी के वार्ड एक की बताई जा रही है।

महिला शिकायत करेगी तो कार्रवाई की जाएगी: मामले में एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा का

कहना है कि इस हादसे की सूचना पुलिस को मिली है। पुलिस की टीम महिला के घर पहुंची थी, लेकिन महिला ने मामले में रिपोर्ट करने से इनकार किया है। जिसकी कार से महिला घायल हुई है, वह महिला का इलाज कराने संबंधपूर्ण अस्पताल लेकर गए हैं। मामले में महिला शिकायत करेगी, तो कार्रवाई की जाएगी।

श्यामपुर में मकान के बहार खड़ी बाइक चोरी दिन में उठा ले गए

डीआर संवाददाता•श्यामपुर

इस आपको बता दे सीहोर जिले के थाना श्यामपुर के अंतर्गत खा पूरी घटना श्यामपुर की है परंतु चौंकाने वाली बात तो यह है कि थाने से कुछ दूरी से मोर दिनदहाड़े गाड़ी लेकर हुए एक नकाबपोश सी सी टीवी कैमरे में बाइक चोरी की घटना आई सामने,रेकी कर बाइक चोरी को अंजाम देता मोर कैमरे में हुआ कैद

घटना श्यामपुर के मोघाट रोड के रवि पुष्पर के घर के बाहर की है जहा सुनसी बाइक घर के पास गली में खड़ी थी जिसे एक शातिर मोर रेकी कर लेकर चुरा कर ले गया है

रवि पुष्पर अपनी बाइक घर के पास खड़ी कर घर में गए कुछ देर बाद बाहर आ कर देखा तो बाइक गायब थी सीसी टीवी फुटेज खंगालने पर चोरी कि पूरी घटना सामने आई

तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकराइ खंभा तोड़कर खेत में उतरी

डीआर संवाददाता•सीहोर

सीहोर से बुधवार सुबह कार भुंगावली के पास एक तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि सेमरा दांगी गांव की यह कार आवाजाही अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खंभा कई हिस्सों में टूटकर गिर गया और कार खेत में जा समाई।

हादसे के समय कार में सिर्फ चालक ही मौजूद था। टक्कर की तीव्रता के बावजूद उसे सिर्फ हल्की चोटें आईं, जो किसी बड़े हादसे से बच जाने जैसी बात है। घटना होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ट्रैक्टर की मदद से कार को खेत से बाहर निकाला और घायल चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया।

ग्रामीणों का कहना है कि कार की गति काफी अधिक थी, जिससे टक्कर इतनी भीषण हुई। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मंडी टीम ने 94 हजार का जुर्माना वसूला, आष्टा से महाराष्ट्र जा रहा था

डीआर संवाददाता•आष्टा

आष्टा (सीहोर) से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था सोयाबीन

सहायक उप निरीक्षक गणेश मुवेल के नेतृत्व में कुलदीप सिंह यादव और श्याम कुमार यादव सहित स्थानीय निरीक्षण दल ने वाहन क्रमांक आर-28-एन-8115 को रोका। इसमें अवैध बिना सोयाबीन भरी थी, जिसे आष्टा (सीहोर) से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। यह परिवहन बिना अनुज्ञा पत्र के किया जा रहा था, जो कर अपराध का मामला था।

मंडी समिति ने मूल 94 हजार 620 रुपए का जुर्माना वसूला। मौके पर पंचनामा तैयार कर वाहन को मंडी प्रांगण लाया गया। लाया के बाद मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4), 53 और 60(1) के तहत कार्रवाई की गई। इसमें 5 गुना मंडी शुल्क के रूप में 72,850 रुपए, 5 गुना निरीक्षण शुल्क के 14,570 रुपए, प्रशासन शुल्क के 5,000 रुपए और 2,000 रुपए की शामिल शामिल थी।

आष्टा (सीहोर) से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था।

मंडी सचिव बोले–प्रवर्तनदल दल हर दिन काम कर रहा जाता

मंगलवार को भी प्रवर्तनदल दल ने जमीन गुड़ परिवहन के मामले में 27,000 रुपए से अधिक की वसूली की थी।

मंडी सचिव रघुराज सिंह सोलंकिया ने बताया कि मंडी बोर्ड मोनाल के प्रबंध संचालक और संभाग आयुक्त वाणिज्य के संयुक्त संचालक के निर्देश पर क्षेत्र में प्रवर्तनदल दल द्वारा प्रतिदिन सख्त निरीक्षण किया जा रहा है। कृषि उपज के अवैध परिवहन पर मंडी समिति द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई करती रहेगी।

दिन और रात में सर्दी बढ़ने के आसार, पारा 1 डिग्री लुढ़का

डीआर संवाददाता•सीहोर

बुधवार को फिर मौसम बदल गया। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हवा का रुख भी बदला है। ऐसे में दिन और रात के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, यह के ऊपर प्रेरित चक्रवात सक्रिय है। इससे हवा का रुख बदला हुआ है। ऐसे में न्यूनतम तापमान 6 और अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आगामी 24 घंटे में दिन और रात में सर्दी बढ़ने के आसार हैं। शहर में मंगलवार को सुबह धूप खिई हुई थी। इसके चलते सुबह ही अधिकतम 30 डिग्री दर्ज की गई थी। वहीं शाम को अधिकतम 20 डिग्री दर्ज की गई।

आरएई कॉलेज स्थित राजकीय कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी हवा के सक्रियतीय परिचालन के रूप में उत्तर पाकिस्तान और निकटवर्ती क्षेत्रों में मध्य समुद्र तल से 31 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है। इसके अलावा, एक नया पश्चिमी विक्षोभ 6 दिसम्बर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। इसके चलते आगामी 24 घंटे में रात के तापमान में और गिरावट आएगी। आगामी 24 घंटे में कई इलाएं भी गल सकती हैं। एक दिन पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित

सीहोर में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

डीआर संवाददाता•सीहोर

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल गतिविधियों के माध्यम से दिव्यांग प्रतिभागियों ने अपनी क्षमता और प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज के ऐसे अनमोल हीरे हैं जिन्हें केवल तराशने की जरूरत है। अवसर और संसाधन मिलने पर ये समाज और राष्ट्र के विकास में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी से दिव्यांगजनों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्नशी सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि समान अवसर और गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सहायता पहुंचाने हेतु सतत कार्यरत है और दिव्यांगजनों के लिए विशेष अभियानों का संचालन भी कर रहा है।

कार्यक्रम में बालाघाट जिला अध्यक्ष नरेश मेंढाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष हिना राशीद और जिला पंचायत सीईओ सर्वना यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन आयुक्त डॉ अन्य लोगरिया, सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक महेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, डीसीपी अरुण खरे, दिव्यांगजनों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करने का आह्वान किया।

देवराज 47 सेकंड में 100 मीटर चले, पहला स्थान मिला

डीआर संवाददाता•सीहोर

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद खेलकूद रेस हुई। इसमें तीन लोग शामिल हुए। इसमें सेमरा से आए देवराज मालवीय ने 47 सेकंड में 100 मीटर की दूरी तय की और फर्स्ट रहे। उन्होंने बताया कि वे भोपाल, दिल्ली और मुंबई स्पर्धाओं में शामिल हो चुके हैं। बुधवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आवासीय खेल मैदान में दिव्यांगों के सामर्थ्य प्रदर्शन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में बालिका वर्ग

और पुरुष वर्ग में गोला फेंक, भाला फेंक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य सामूहिक गायन, एकल गायन, जैसी ट्रेस, निबंध, चित्रकला और रंगोली जैसी 19 स्पर्धाओं में दिव्यांगों ने अपना जौहर दिखाया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष14- 2082 सीहोर,दिन गुरूवार,दिनांक 04 दिसंम्बर 2025

न्यूज गैलरी

पुल पर जाली लगाई फिर भी लोग नाले में डाल देते हैं कचरा

सीहोर। नगर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर पालिका ने कई प्रयास किए लेकिन लोगों में जागरूकता का अभाव अभी भी है। कुछ साल पहले, नगर पालिका ने नाले को साफ-सुथरा रखने के लिए सभी पुलों पर जाली लगवाई थी ताकि लोग पुल के ऊपर खड़े होकर नाले में कचरा न डालें। इसके बावजूद, लोग नहीं मानते और जाली के ऊपर से कचरे से भरी पॉलीथिन नाले में फेंक देते हैं। इससे नाले में कचरा दिखाई देने लगा है। अमर टॉकीज पुल, बोलबाली पुल और सीवन नदी के पुल पर इस तरह की जाली लगाई गई थी। इनके बावजूद, तीनों जगहों पर लोग इसी तरह कचरा डालते जा रहे हैं। इससे नदी का पानी भी खराब हो जाता है। लोगों को चाहिए कि वे कचरे को कचरा वाहन में डालें, जिससे गंदगी दूषित न हो। जब कचरा वाहन हर रोज लोगों के घर आते हैं, तो कचरा उन्हीं में डालना चाहिए।

किसान, गोबर और गो-मूत्र से खाद बनाएं

सीहोर। किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अत्यधिक उपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे हैं जब किसान जागरूक है और अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, भाजी से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गोमूत्र से खाद भी बनाया है। राज्य प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ

बस स्टैंड नहीं आती बसें करना पड़ता है इंतजार

सीहोर। उदौर भोपाल और उज्जैन की ओर जाने वाली कई बसें सीधे बायपास से निकाल जाती हैं। भोपाल जाने वाली बसें भी बस स्टैंड पर नहीं रुकतीं। इन्हें सैकटालेटी रोड की तरफ खड़ा कर दिया जाता है। यात्रियों को इन बसों में चढ़ने के लिए सड़क किनारे खड़ा रहना पड़ता है। यहां बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। रोजाना लोग परेशान होते हैं। आरटीओ विभाग ने कई बार इन बस चालकों पर कार्रवाई की। उन्हें बस स्टैंड भेजा गया। कुछ दिन तक नियम चला, फिर हालात पहले जैसे हो गए। बस स्टैंड पर भी यात्रियों के लिए सुविधाएं नहीं हैं। प्रतीक्षालय तक नहीं है। लोग दुकानों के सामने खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं।

वाहनों की रफ्तार पर लगना चाहिए लगाम

सीहोर। शहर में इन दिनों बाइक ही नहीं चार पहिया वाहन भी तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं। बाजार क्षेत्र में भी कई बार ऐसी स्थिति बनती है। हर रात इंदौर नाका से भोपाल सागर रोड तक चार पहिया वाहन तेज गति से गुजरते हैं। कुछ दिन पहले इसी रोड पर एक हादसा हुआ था। एक युवक की जान चली गई थी। बाजार में बाइक सवार भी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। ऐसे में टकराव होने पर घायल सुरक्षित हो जाता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। यातायात पुलिस को ऐसे वाहन चालकों पर सख्ती बरती चाहिए। जब तक कार्रवाई नहीं होगी, हादसों पर

खिलवाड़ लाइसेंस पर चला रहे मेडिकल स्टोर, बिना अनुभव वाले भी दे रहे

अवैध रूप से संचालित हो रहे कई मेडिकल स्टोर अधिकारी नहीं कर रहे दुकानों की जांच-पड़ताल

डीआर संवाददाता»इछावर

मुख्यालय सहित तहसील क्षेत्र में दर्जनों मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश मेडिकल दुकानें अवैध रूप से बिना डिग्री व लाइसेंस अथवा किराए के लाइसेंस पर संचालित की जा रही हैं। नियमानुसार जिनके पास फार्मासिस्ट की डिग्री होती है वही मेडिकल दुकानों का संचालन कर सकता है। डिग्री धारक को ही दुकान संचालित करने का अधिकार है। लेकिन क्षेत्र में कई मेडिकल दुकानों पर फार्मासिस्ट की डिग्री के अभाव पर दूसरे लोग दुकानों का संचालन कर रहे हैं। किन्हें दवाइयों का कोई अनुभव नहीं है। वहीं पालकी दुकानों पर कम पढ़े लिखे व अनुभवहीन कर्मचारी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को दवाई, गोली सप्लाई कर रहे हैं। ऐसे में कई बार यह लोग डॉक्टर की पर्ची पर लिखी दवाई या बिना जानकारी के दवाई, गोली रामभरोसे को दे दी जाती है। इससे उनके साईड इफेक्ट होना पड़ते हैं। कई बार तो गलत दवाई देने से कस्टमर ग्राहक इन दवाओं का डॉक्टर की पर्ची से मिलान भी नहीं करते हैं। इससे चलते उनके परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गणेश दिलवाल, राजेश आदि परिजनों का कहना है कि नगर में कई मेडिकल दुकानों पर फार्मासिस्ट की डिग्री नहीं है। वहीं कई मेडिकल दुकानों पर फार्मासिस्ट की डिग्री के अभाव में

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-14 2082 | विदिशा, दिन गुरुवार, दिनांक 04 दिसंबर ,2025

न्यूज गैलरी

नाले पर बन रही अवैध पुलिया तोड़ी

विदिशा। कपूर गार्डन के सामने सरकारी नाले पर निजी पुलिया बनाने का मामला सामने आया। सूचना मिलते ही नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। पुलिया को अवैध पाया गया। इसके बाद जेसीबी मशीन से पक्की पुलिया को तुड़वाया गया।

बच्चा से संवाद, कम्प्यूटर दिलाने का आश्वासन

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आदेश जारी कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास, मुगलसराय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा की। शैक्षणिक प्रबंधन, रहन-सहन, भोजन, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली।

बाल विवाह उन्मूलन के लिए सीधा प्रसारण आज

विदिशा। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी 4 दिसम्बर को बाल विवाह मुक्त भारत हेतु देशभर के हित धारकों को गई दिल्ली से संबोधित करेगी। प्रसारण सुबह 10.30 बजे से होगा। जिजयोलष्ठ्मइवेंज.हपक्ष पदाधुकक के माध्यम से जुड़ सकेंगे।

जनमन योजना: पाइपलाइन सुधारी, जलापूर्ति बहाल

विदिशा हिवरारावंक बुरवाई के ग्राम बरवाल में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया था। जिसको दो स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद पाइपलाइन लीकेज को सुधारकर आपूर्ति शुरू की गई।

मेमू ट्रेन में कोच नहीं बढ़ेंगे, विधायक ने लिखा पत्र

विदिशा। मेमू ट्रेन में कोच बढ़ाने की मांग पर कुरवाई शाम 4 बजे मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी से मंडल कार्यालय में चर्चा हुई। कलेक्टर ने बताया कि बैठक में साफ हुआ कि फिलहाल कोच बढ़ाने की कोई स्थिति संभावना नहीं है। विधायक ने मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखा।

जिपं अध्यक्ष के प्रोटोकॉल का उल्लंघन, होगी जांच

विदिशा। सामुदायिक संचालक पंचायत राज संचालनालय ने जिपं सीईओ को पत्र जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि गंजबासौदा नटेरन और विदिशा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा जिपं अध्यक्ष गीता केवट रघुवंशी के प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा। कार्यक्रमों में आमंत्रण न देने, शिलालेखों पर नाम अंकित न करने एवं स्कूलों के कार्यक्रमों में आमंत्रित

कलेक्टर ने सेमलखेड़ी ग्राम का भ्रमण किया

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई को जिलीय तहसील के ग्राम सेमलखेड़ी एवं इसके आसित ग्रामों का दौरा कर विभिन्न शासकीय संस्थानों एवं विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। अपने व्यापीय भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने शाला आंगनबाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा ग्राम पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों द्वारा संधारित की जाने वाली विभिन्न पंजियों, अभिलेखों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। पाइपलाइन सुधार के उपरांत जलापूर्ति बहाल

हड़ताली पार्षदों का अनोखा विरोध: विकास की निकाली अर्थी, बड़ा बाजार में किया पुतला दहन

विदिशा में मरे हुए विकास की अर्थी पर सर पटक-पटक कर रोए भाजपा पार्षद

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

नगर में विकास कार्यों की अनदेखी और जनसमस्याओं के समाधान न होने से आक्रोशित भाजपा समर्थक एवं निर्दलीय पार्षदों ने कुरवाई को अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया।

करीब 21 दिनों से गांधी प्रतिमा के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पार्षदों ने नगर के विकास की प्रतीकात्मक अर्थी उठाई और मुख्य मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार तक शव यात्रा निकाली। बाद में विकास का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर नगरपालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान धर्मेंद्र सक्सेना, जमुना कुशवाह, दीपक कुशवाह, अशोक जाट, राजेश लोधी, सतीश यादव, प्रशांत रघुवंशी सहित अनेक पार्षद सहित नगर के नागरिक उपस्थित रहे।

विदिशा: पार्षदों ने लाखनचंद से बड़ा बाजार तक निकाली

प्रदर्शन कर रहे पार्षद रोते-बिलखते बोले हाय विकास, हाय विकास

लाखनचंद चौराहा, कांच मंदिर क्षेत्र से पार्षदों ने विरोध की अर्थी उठाई और मुख्य मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार तक यात्रा निकाली। बाद में विकास का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर नगरपालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान धर्मेंद्र सक्सेना, जमुना कुशवाह, दीपक कुशवाह, अशोक जाट, राजेश लोधी, सतीश यादव, प्रशांत रघुवंशी सहित अनेक पार्षद सहित नगर के नागरिक उपस्थित रहे।

विकास को बताया बीमार, अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार

पार्षदों का कहना था कि पिछले तीन वर्षों से नगर का विकास पूरी तरह ठप चल रहा था। टूटी सड़कें, गड्ढों से भरे मार्ग, धूल-मिट्टी, जाम की स्थिति और साफ-सफाई के अभाव के चलते विकास कार्य गंभीर अस्पताल में पहुंचा हो चुका था। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारी और चुने हुए जनप्रतिनिधि मिलकर की इस बिगड़ती हालत की सुध नहीं ले रहे थे, जिसके चलते आज इसकी स्थापुर हो गई है। पार्षदों की मांग है कि नगर में सड़कों और सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार हो। जाम और धूल-मिट्टी की समस्या का स्थायी समाधान हो। जनहित की योजनाओं पर गंभीरता से काम किया जाए। अधिकारियों व जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय हो।

जिपं अध्यक्ष का नाम पत्रिकाओं से गायब, कार्यक्रम के आमंत्रण तक नहीं देते

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

जिले की पंचायतों में प्रोटोकॉल का पालन नहीं हो रहा है। शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रमों की पत्रिकाओं पर जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम नहीं लिखा जा रहा। यहां तक कि उन्हें कार्यक्रमों में बुलाया भी नहीं जा रहा। इसको लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता केवट रघुवंशी ने मंत्रालयीन, नटेरन और विदिशा जनपद पंचायतों के सीईओ की शिकायत की है।

शिकायत के बाद पंचायत राज संचालनालय भोपाल ने 18 नवंबर 2025 को जिला पंचायत सीईओ को पत्र भेजा। इसमें कहा गया कि जनपद पंचायतों के सीईओ ने जिला पंचायत अध्यक्ष को कार्यक्रमों में आमंत्रित नहीं किया। शिलालेखों पर नाम नहीं लिखा। स्कूलों के कार्यक्रमों में भी नहीं बुलाया गया। इन मामलों की जांच कर कार्रवाई करें। इसकी जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष को दें। साथ ही 15 दिन में प्रतिवेदन संचालनालय को भेजें।

नियमों के उल्लंघन की शिकायत की थी

शिकायत में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता केवट रघुवंशी ने लिखा कि ग्राम पंचायतों और जनपद पंचायतों में होने वाले भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष को बुलाया जाना चाहिए। यह प्रावधान मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के तहत तय है। विदिशा, गंजबासौदा और नटेरन जनपद पंचायतों के सीईओ इन नियमों का बार-बार उल्लंघन कर रहे हैं। आमखेड़ा, गियदपुर नागलो का जिक्र पहला, आमखेड़ा बायपास पंचायत भवन का लोकार्पण 23 सितंबर 2025 को हुआ। पट्टिका पर अध्यक्ष का नाम नहीं था। उन्हें बुलाया भी नहीं गया। दूसरा, ग्राम पंचायत किलानार में 9.60 लाख की लागत से बने आंगनवाड़ी भवन और 25 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के भूमि पूजन की पट्टिका में भी नाम नहीं था। उन्हें कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया।

5 घंटे की बैठक में वार्ड वार पार्षद और प्रतिनिधियों से वन-टू- वन चर्चा

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

विकास कार्यों को लेकर बना स्टैंड स्थित नगर पालिका के पुराने भवन में कुरवार को कार्यशाला बैठक रखी गई। जो सुबह 215 से दोपहर 145 बजे तक चली। करीब 5 घंटे तक चली विधायक जी बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा और सीएमओ सहित इंजीनियर भी उपस्थित थे। विधायक मुकेश टंडन ने समीक्षा बैठक ली। लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष

विधायक के पास ताली बुर्ज पर पूरे सभा तक घुमाया बैठी नहीं। नगर क्षेत्र के 39 वार्डों के पार्षद और प्रतिनिधियों ने बताया कि उनके वार्डों में सड़कें, निर्माण स्ट्रीट लाइट, प्रधानमंत्री आवास के काम रुके पड़े हैं। विधायक ने वार्ड वार वन टू वन और एक-एक समस्या पर चर्चा कर निर्माण कार्य कराए जाने के लिए सीएमओ दुर्गेश सिंह का निर्देश दिए। इस दौरान तारेश खेड़ा रोड, डीसुपा रोड, खाई तेज रहित डहर से अनेक सड़कों के निर्माण की बात बैठक में रखी गई। विधायक की समीक्षा बैठक के बाद ही नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने उपयंत्री रंजन श्रीवास्तव, रंजीव जैन, हितेश श्रीवास्तव, विनोद कुशवाह, रामप्रकाश जाखलपाल के साथ पत्र लिया है। इसमें कहा गया है कि विदिशा विधायक द्वारा ली गई बैठक में दिए गए निर्देशों के मुताबिक अब प्रकार वाले वार्डों के निर्माण कार्यों के प्राक्कलन पार्षदों से मिलकर 3 दिन में अपने हस्ताक्षर के साथ प्रस्तुत करें। पार्षद प्रतिनिधि दरबार बोले सभी वाणमंत्री हैक कार्ड-25 की पार्षद कंचन तोमर पत्रकार की बैठक में गैर मौजूदगी को लेकर विधायक ने उन्हें फोन लगाकर बुलाया। इसके पार्षद प्रतिनिधि दोपहर 12.35 बजे के बाद पहुंचे और पीछे जाकर बैठ गए।

कलेक्टर ने छात्रावास में सुविधाओं और दैनिक गतिविधियों की जानकारी

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवार को अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास, मुगलसराय का निरीक्षण कर छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रबंधन, भोजन, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति जानी। विद्यार्थियों द्वारा कम्प्यूटर की मांग रखे जाने पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को कम्प्यूटर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। जिसमें बच्चों को नियमित अध्ययन, लक्ष्य निर्धारण और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कंप्यूटर ज्ञान की महत्ता बताई तथा प्रतिदिन अखबार पढ़ने की सलाह दी। कलेक्टर गुप्ता ने परिसर को स्वच्छ रखने एवं किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश भी दिए, जिसमें बच्चों

को ताजी सब्जियां मिल सकें।

उन्होंने छात्रावास प्रशासन को व्यवस्थाएं बेहतर बनाने और विद्यार्थियों के हित में संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए। यह पहल छात्रों की आवश्यकताओं को समझने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

आसमां साफ होने से गिर रहा तापमान पूर्व की ठंडी हवा से छाया घना कोहरा

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

मौसम का मिजाज इन दिनों अचानक बदल गया है। साफ आसमान और पूर्वी दिशा से लगातार आ रही गर्म पूर्व ठंडी हवा तापमान को तेजी से नीचे ला रही है। दिसंबर शुरू गया है कि गंजबासौदा नटेरन और विदिशा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा जिपं अध्यक्ष गीता केवट रघुवंशी के प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा। कार्यक्रमों में आमंत्रण न देने, शिलालेखों पर नाम अंकित न करने एवं स्कूलों के कार्यक्रमों में आमंत्रित

निवारत है। वहीं हवा की रफ्तार सिर्फ 2-3 किलोमीटर रहने से नमी जमीन के पास ठहर गई, जिससे सुबह के समय कोहरा छाने लगा।

खास बात यह रात में पारा की गर्मी को तेजी से बाहर निकालने देता है, ही। पूर्वी इसलिए रातें अधिक ठंडी और सुबह कोहरे वाली। वाली हो जाती हैं। हवा में मौजूद नमी हल ठंड को और बढ़ा देती है।

आगे 7 दिसंबर से कोहरा ज्यादा देर तक रहेगा

मौसम विभाग के अनुसार 7 दिसंबर से बादल छंटने से कोहरा और ठंड बढ़ सकता है। हवा की गति कम होने से कोहरा देर तक बना रह सकता है। हालांकि लगातार धूप निकलने से तापमान में थोड़ी बढ़त भी देखी जा सकती है। बच्चों और बुजुर्गों को सुबह के समय ठंड से बचना जरूरी।

श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर तहसील से लगभग 60 श्रद्धालुओं का जत्था कुरवार वाया नर्मदा की पवित्र परिक्रमा के लिए बस से रवाना हुआ।

डेढ़ लाख नहीं लौटाए, पुलिस पंचायत में हुआ समझौता

विदिशा। सामुदायिक पुलिस पंचायत में कुरवार को दर्शित नागरिकों को समस्याओं की सुनवाई हुई। एक सेवानिवृत्त बुजुर्ग ने शिकायत की कि उन्होंने अपने मित्र को 1.5 लाख रुपए कार्य के लिए दिए। लंबे समय से काम नहीं मिलने पर वे परेशान कर पंचायत पहुंचे। समझाइश के बाद मित्र ने 1 हजार रुपए तुरंत लौटाए। शेष एक लाख पर एक माह में देने पर सहमति बनी। दिक्कतें नहीं होती

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में हुई इस बैठक में एसडीपीओ प्रशांत चौबे, पंचायत कोर कमेटी सदस्य डॉ. सलिल गर्ग, आर. पुरुषोत्तम, रितेश राजपूत, अतुल राठ, अजय रंजन और दिनेश शाह मौजूद रहे। दूसरे मामले में एक बुजुर्ग प्रवासी ने बेटे-बहू पर घर से निकालने का आरोप लगाया। पंचायत ने स्पष्ट किया कि गठन पर प्रवासी का पैतृक अधिकार है।

कार्यशाला मंगलवार रात यातायात पुलिस ने चौराहे पर अभियान चलाया

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की कार्रवाई, तीन सवारी, बिना हेलमेट पर विशेष फोकस,

तेज रफ्तार वाहन चलाने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की गई

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

मंगलवार रात यातायात पुलिस ने स्वामी विवेकानंद चौराहे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इसमें दोपहिया चालकों के चालान काटे गए। तीन सवारी बैठाने, बिना हेलमेट, बिना बीमा, डाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने और तेज रफ्तार जैसे नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कई वाहन चालकों को चालान बनाए गए और कई को नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। सुरक्षा लोगों के वाहनों से बचने के लिए बहाने बनाए, लेकिन पुलिस ने किसी भी बहाने पर ध्यान न देते हुए सख्ती से कार्रवाई की। यह

विदिशा। तीन दिवसीय कार्यशाला

अभियान 12 दिसंबर तक जारी रहेगा।

20 चालकों पर जुर्माना

यातायात प्रभारी अजीत राय ने बताया कि स्वामी विवेकानंद चौराहे पर 20 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। यातायात प्रभारी ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें। नाबालिग का वाहन चलाना कानूनन अपराध है और दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकता है। अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को यातायात नियमों के प्रति सचेत रखें।

संदेश देने निकाली हिंदू संगम यात्रा

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

सकल हिंदू समाज द्वारा कुरवार को भव्य हिंदू संगम यात्रा वाहन रैली का शुभारंभ संगई स्थित हनुमान मंदिर से साधु-संतों की उपस्थिति में ध्वज पूजन के साथ किया गया।

दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों का विशाल काफिला गांव-गांव पहुंचकर समाज में जागरूकता का संदेश देगा। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को पंच प्रमुख संकल्प पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवनशैली, नागरिक शिष्टाचार और सामाजिक समरसता के प्रति प्रेरित करना है। आयोजकों ने बताया कि रैली के माध्यम से पानी बचाने, पॉलीथिन मुक्त वातावरण, पेड़ लगाने, परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की जा रही है। साथ ही संविधान प्रदत्त कर्तव्यों के पालन और जातीय भेदभाव मिटाकर समाज में एकता स्थापित करने का संदेश दिया जाएगा। साधु-संतों और पदाधिकारियों ने कहा कि यह यात्रा ग्राम स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा सांस्कृतिक चेतना जगाने का माध्यम बनेगी।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-14 2082

राजगढ, दिन गुरुवार, दिनांक 04 दिसंबर, 2025

न्यूज गैलरी

जगन्नाथ पुरी यात्रा के लिए आवेदन 6 तक

राजगढ़। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के 200 तीर्थयात्रियों को जगन्नाथ पुरी की यात्रा का अवसर मिला है। शासन ने जिले के लिए 200 यात्रियों का कोटा आवंटित किया है। यह विशेष ट्रेन 20 मार्च 2026 को ब्यावरा, दूदा, अशोकनगर और रुनेड़ा होते हुए रवाना होगी और 25 मार्च 2026 को वापस लौटेगी। इच्छुक नागरिक 3 दिसंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

10वीं-12वीं की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन 20 तक

राजगढ़। नेहरूजी समुल ऑफ ओपन स्टूडिंग ने दसवीं व 12वीं की परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। रजिस्ट्रेशन 20 दिसंबर तक होंगे। परीक्षा फरवरी व मई में होगी। आवेदन शुल्क 300 रुपए रखा गया है। प्रैक्टिकल के लिए 150 रुपए अतिरिक्त देने होंगे।

जेईई मेन के आवेदन में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

राजगढ़। जेईई मेन 2026 की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसके तहत जेईई मेन जनवरी अप्रैल सेशन में शामिल होने वाले सभी स्टूडेंट्स को 11वीं के रजिस्ट्रेशन नंबर उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है।

घर से चली गई बेटी, सदमे में पिता ने की आत्महत्या

नरसिंहगढ़ हनुमान पुरा गांव में घर से बेटी के चले जाने के बाद आहत पिता ने सल्फास खाकर जान दे दी। गांव के 49 वर्षीय मृतक की 19 साल की बेटी 29 नवंबर को बिना बताए घर से चली गई थी, जिसे सभी तीन दिन ढूंढ रहे थे। इससे मृतक बहुत ज्यादा तनाव महसूस कर रहे थे। बेटी की खोज के दौरान ही उन्होंने सल्फास खा लिया। इसके बाद परिजन और अन्य लोग उन्हें इलाज के लिए भोपाल ले गए जहां मंगलवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा को लेकर बहुत संवेदनशील स्वभाव के थे। उनकी पांच संतानों में चार बेटियां और एक बेटा है।

आदतन अपराधियों पर बांड ओवर, जिलाबदर की कार्रवाई की गई

ब्यावरा। एसडीएम गोविंद कुमार दुबे के निर्देश पर सिटी पुलिस द्वारा बांड ओवर की कार्रवाई की जा रही है। अपराधियों को पाबन्दकर बांड ओवर की कार्रवाई की जा रही है। सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र बाजपेई ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर गुंडा फाइल निकाली जा रही है। छोटे अपराधियों पर बांड ओवर की कार्रवाई की जा रही है। बड़े बड़े अपराधियों पर जिलाबदर की कार्रवाई की जा रही है। सभी अपराधियों की फाइल निकाली जा रही है। अपराधियों को पाबन्दकर कार्रवाई की जा रही है। सिटी पुलिस की टीम अपराधियों को पाबन्दकर बांड ओवर और जिलाबदर की कार्रवाई। हिसाब से अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इसी तरह अपराधियों पर बांड ओवर और जिला बदर की कार्रवाई की

जिले में 96. 74 फीसदी हुआ डिजिटाइजेशन

विदिशा। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है।

मिलावट का विद्युत वितरण कंपनी की लाइट शिफ्टिंग सहित एजेंसी को भुगतान न होना बड़ी वजह

कछुआ गति से रेंग रहा 14 करोड़ रु के नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

जिले में पीआईयू (प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन यूनिट) द्वारा कराए जा रहे मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य ने भलेही तेज गति पकड़ ली हो लेकिन समीप ही निर्मित किए जा रहे नर्सिंग कॉलेज का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। पीआईयू द्वारा निर्मित एजेंसी ने अप्रैल 2025 में इस कॉलेज का निर्माण आरंभ किया था लेकिन 9 माह बीत जाने के बाद भी काम ने उतनी प्रोग्रेस नहीं पकड़ पा रहा है। कुछ दिनों पहले विद्युत वितरण कम्पनी ने लाईन शिफ्टिंग कार्य का शेड्यूल भी तय किया था लेकिन लाईनों का यह शिफ्टिंग कार्य अभी पूरे तरह से नहीं हो पाया है।

एजेंसी को नहीं हुआ अभी तक कोई भुगतान

सूत्रों के अनुसार पीआईयू ने जिला निर्माण एजेंसी को नर्सिंग कॉलेज निर्माण का ठेका दिया है उसके द्वारा करीब डेढ़ करोड़ का कार्य भी अभी तक न हो काम नहीं पकड़ पा रहा है। कुछ दिनों पहले विद्युत वितरण कम्पनी ने लाईन शिफ्टिंग कार्य का शेड्यूल भी तय किया था लेकिन लाईनों का यह शिफ्टिंग कार्य अभी पूरे तरह से नहीं हो पाया है।

केंद्र और राज्य सरकार दोनों का लग रहा पैसा

आपको बतादें कि नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण मेडिकल कॉलेज की तरह ही केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त है। निर्माण लागत का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार प्रदान करती है। ऐसे में किस केंद्र या राज्य किस मद की राशि अटकी हुई है, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

मेडिकल कॉलेज निर्माण ने अलबत्ता पकड़ी गति

संभाग मोहन बड़ोली एरिए के जिला हिसाब क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज (चिकित्सा महाविद्यालय) का निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार ने उस काम की गति भी देखा धीमी थी। तय समय से करीब 2 साल लेट चल रहे मेडिकल कॉलेज के निर्माण अब कहीं जाकर तेज गति से शुरू हो चुका है। निर्माण एजेंसी द्वारा लेबर सहित अन्य संसाधनों की संख्या बढ़ा दिए जाने से इस काम में अलबत्ता काफी प्रोग्रेस नजर आ रही है।

शीघ्र भुगतान कराया जाएगा

मेरे 2 महीने पहले ही जिले में कार्यभार संभाला है। उसके बाद मेडिकल कॉलेज निर्माण की प्रोग्रेस काफी देख ही रहे होंगे। नर्सिंग कॉलेज निर्माण में हाईटेंशन लाइन बाधा हटाने हेतु विद्युत विभाग से सतत संपर्क में है। निर्माण एजेंसी का पेमेंट भी जल्द कराया जाएगा।

ज्ञानदीप भूसकर
कार्यपालन यंत्री (भवन), पीआईयू, राजगढ़

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के समीप ही बन रहा है यह नर्सिंग महाविद्यालय

खास-खास

निर्माण कार्य - नर्सिंग महाविद्यालय
कहां का रहा- सकट मोहन बड़ोला
लागत - 14 करोड़ 79 लाख
विभागी भौतिकता - दो मंजिला
प्रावधानकक्ष - 60 मंजिला

यूपी में पकड़े 20 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी सहित नकदी चोरी के आरोपी

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

20 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी और 80 हजार रुपए चोरी के मामले के आरोपियों को पुलिस ने यूपी में धर दबोचा है। एसडीओपी प्रकाश शर्मा के निर्देश पर देहात थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में भिलावा चार दिन से पुलिस ने यूपी के आगरा में डेरा डाल रखा था। गुरुवार को पुलिस संभवतः ब्यावरा आ सकती है। गुरुवार और शुक्रवार के दिन मामले का खुलासा भी कर सकती है। पुलिस के खुलासे के बाद ही मिलावा सोना चांदीऔर नकदी चोरी हुए थे, इस बात की जानकारी लग सकेगी।

यह चोरी 19 नवंबर को रात्री से ब्यावरा आ रही महिला के बैग से उड़ाया चोरी की थी। जब महिला और उसके परिजन देहात पुलिस के पास एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे तो सभी को संदेह हो रहा था कि 20 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी और 80 हजार रुपए लेकर महिला बस में ज्यादा सफर कर नहीं थी।

देहात थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुटी थी। देहात पुलिस ने चोरी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई थी तुलिस पहले मथुरा गई, दो-तीन दिन सीसीटीवी की जांच की गई फिर यूपी जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। हालांकि सबसे बड़ी पुनीती बात बरामद करना था, क्योंकि आरोपियों ने माल चोरी करने के बाद दूसरे लोगों को बेच दिया था या दे दिया था। ऐसी में पुलिस ने तीन दिन तक लगातार माल बरामद करने का प्रयास करती रही। आखिर कुरावर को माल बरामद करने में सफलता मिल गई।

आरोपियों ने इस तरह दिया था चोरी की घटना को अंजाम

शाजापुर जिले के मक्सी से ब्यावरा आ रही देवास जिले के बरोदा निवासी महिला पवित्रा नागर 54 के साथ 19 नवंबर को चोरी ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। बस में महिला की सीट के नीचे रखे बैग से बदमाशों ने 20 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी और 80 हजार रुपए चोरी कर लिए थे। बैग की चेन काटकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। बस के सीसीटीवी कैमरे में चार संदिग्ध कैद हुए थे। देहात पुलिस ने 23 नवंबर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

सीएम हेल्पलाइन एवं टीएल में लापरवाही पर कार्यवाही 12 विभाग प्रमुखों पर 2-2 हजार का जुर्माना, रेडक्रॉस में करेंगे राशि जमा

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं टीएल में खराब प्रदर्शन एवं समय-सीमा बैकलॉग में दिए गए निर्देशों के पालन में लापरवाही पर कलेक्टर ने 12 विभाग प्रमुखों पर 2-2 हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित की है। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी अंतर्गत तय सीमा से बाहर हुई शिकायतों पर शाजापुर नगर परिषद समेत एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों पर 1-1 हजार की शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

जुर्माना एवं शास्ति से प्राप्त राशि रेडक्रॉस बद में जमा करवाई जाएगी। सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का समय रहते निराकरण नहीं करने पर तहसील नगर परिषद रतलाम तहसील सैलाना, जावरा संचालन विभाग के कार्यपालन यंत्री मोनी वासुल एनएचएआई के डी. नितेश पटेल, घंटा चिकित्सा अधिकारी शिवाजु मीणा, जल निगम के डिप्टी मैनेजर रवि यादव पर 2-2 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करवाने के तत्काल निर्देश प्रदान किए।

इसी तरह अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, जेल विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विकास कल्याण एवं कृषि विभाग, सत्य विभाग के अधिकारियों पर भी 2-2 हजार की शास्ति अधिरोपित कर रेडक्रॉस में जमा कराने के निर्देश प्रदान किए। लापरवाही पर नगर एवं पंचायतों पर भी कार्यवाही- इसी प्रकार लोक सेवा गारंटी अंतर्गत समय सीमा से बाहर शिकायतों में नगर परिषद शाजापुर, ग्राम पंचायत कालीपलाई जगपत पंचायत राजगढ़, ग्राम पंचायत बांकपुरा, ग्राम पंचायत

आरटीओ की अनदेखी से सड़कों पर बिना कागज पूरे किए ही दौड़ रही है गाड़ियों

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

सरकार से वाहन में बाकायदा पंजीकरण कराने पर 2 से गंभीर एवं 12 गाड़ियों को संचालन करने वाली ब्रह्मा एक की सलाह यह है कि कार को पीछे से टक्कर मारने के बाद हुई दुर्घटना के कारण तक न हो तो उसके पास फिटनेस का और न ही टैक्स ही जमा किया गया था। साथ ही रोड़ी भी एक्सपायर हो चुका था ऐसे हालातों में गाड़ी सीट की पास सड़कों पर कैसे दौड़ रही थी और आरटीओ कैसे अपनी आँखें मूंदे जिले में कार्रवाई का इंतजार रोते रहते हैं। सड़कों पर खड़े होकर किसी खुली बसों पर कार्रवाई कर वाहवाही लूटने वाले आरटीओ को

बिना परमिट और टैक्स के फर्राटे भर रही थी ब्रह्मा बस

बस ने कार को पीछे से मारी
12 घायल घायल, 2 हालातों है सेरेह

के सेरेह में आरटीओ के बिना परमिट बस फेर रोड़ीवाहनों पर दौड़ती रहा गौरा की सभी खबरें नहीं दिखाई नहीं देती। इसिलिए पूर्व में भी सड़कों पर बिना कागजों के दौड़ती बसों व गाड़ियों का जिक्र किया था परंतु आरटीओ के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। दुर्घटना के बाद भला टैक्स ब्रह्मा बस सहित द्वारा कार को पीछे टक्कर मारने के कारण सबसे पहलाटीकेट सहित लिए जो बाल उन्होंने कोलाहल किये एक ही दिन के लिए लिया गया। वाहन दुर्घटना से दिन संचालक 2 दिवस को ही आरोपण किया और वाहे दिन एक दिन के लिए ही टैक्स जाती हो रहा परंतु जाहि होने का सबसे दुर्घटना के बाद का होने के मामला विचार रहा है। यही हाल टैक्स वाले का है आलम-बसन्त में ब्रह्मा बस एमपी 08 एबए 3810 का 11840 टैक्स भी भरा रहा जिसका समय भी दुर्घटना होने के बाद का होने से तय सामने आया है कि आरटीओ की लापरवाही से गौरा की बसें सड़कों पर दौड़

संविधान पर परिचर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

इस कार्यक्रम में प्रवक्ता के तौर पर अमित कमल एवं विजेंद्र अरोड़ा के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे हुआ जो की 2 घंटे तक लगातार चला।

इस बीच वक्ताओं ने संविधान की प्रासंगिकता एवं उसके परिचालन पर अपने विचार रखे आजादी के संघर्ष और उसके बाद के संविधान के निर्माण के प्रसंग को बताते हुए वक्ताओं ने संविधान की की प्रस्तावना में प्रारंभिकता को लेकर मौजूद जन मानस एवं छात्रों कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि संविधान पर परिचर्चा कार्यक्रम सुदूर राजगढ़ जिले में प्रतियोगिता स्तर पर आयोजित किया गया है इसी संदर्भ में शहर कांग्रेस कमेटी एवं अल्पसंख्यक कमेटी ब्यावर द्वारा स्थानीय पंपल चौराहे पर बुनियादी चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों की मांगों को माना

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर।

नगर पालिका में पिछले कई दिनों से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल आखिरकार कुरावर को समाप्त हो गई। कलेक्टर निवेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम रोहित गन्धोरे ने नगर पालिका पहुंचकर हड़ताली सफाईकर्मियों से चर्चा की और उनकी प्रमुख मांगों को स्वीकार किया। प्रशासन द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिए जाने के बाद सफाईकर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर दुःख कार्य पर लौटने का निर्णय लिया।

हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। नागरिकों को गंदगी और कचरे की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आया और कुरावर को एसडीएम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर हड़ताली कर्मियों से संवाद किया। सफाईकर्मियों ने बताया कि 43 स्थायी सफाईकर्मियों को हटाए जाने के आदेश से कर्मचारियों में आक्रोश था। इसी को लेकर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे थे। एसडीएम गन्धोरे ने कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का समाधान

प्रासंगिकता को आधार पर किया जाएगा। बातचीत के दौरान उन्होंने साफ किया कि नगर की सफाई व्यवस्था जनता की बुनियादी जरूरत है,

सीटी स्कैन अकेले राजगढ़ जिले में 6 लाख तक होगा निजी कंपनी वास्को का बिल

सिविल सर्जन के आदेश के बाद 50 प्रतिशत कम हुई सीटी स्कैन

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

जिला अस्पताल में वास्को कंपनी द्वारा लगाई गई सीटी स्कैन मशीन द्वारा जांच प्रत्येक मरीजों के सीटी स्कैन 10-12 लाख का बिल बनाया रहा है जिसका भुगतान सरकार खजाने से होता रहा है परंतु सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य व सरकार के खजाने को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों सीटी स्कैन प्रभारी को आदेश जारी किया गया जिसमें बिना विशेषज्ञ डॉ या जरूरी होने पर ही सीटी स्कैन किया जाए।

प्रत्येक मरीज को स्कैन किल्म दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि कई मरीजों को बाहरसे सीटी स्कैन द्वारा किल्म नहीं दी जाती थी ऐसी शिकायतें भी मिली थी।

वहीं सीटी स्कैन को लेकर जागरूक होना भी जरूरी है जिसको लेकर सिविल सर्जन द्वारा जल्द ही सीटी स्कैन से होने वाली हानियों के बारे में अस्पताल में प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया जायेगा जिससे मरीजों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा सके।

एक्सपर्ट बोले - 10-15 साल में आएंगे कैंसर जैसे घातक परिणाम

सरकार के 72 लाख की होगी बचत

यदि सिविल सर्जन के आदेश को आधार माना जाए तो पिछले 15 दिनों में वास्को कंपनी द्वारा की जा रही सीटी स्कैन में 60 प्रतिशत की कमी आई है तो वह आंकड़ा उनके मासिक बिल यानि 10-12 लाख से हिसाब से 5-6 लाख प्रतिमाह रह गया। इससे शासन को एक साल में एक ही जिले से 72 लाख की बचत होगी जो की फिजूल खर्चों से सीटी स्कैन कर की जा रही थी।

जयपुर नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के एंकोलॉजी बोले सीटी स्कैन रेडीएशन से महिलाओं में कैंसर का खतरा

यदि किसी मरीज की सीटी स्कैन की जाती है तो उसमें 100 एमएस-वे के बराबर रेडिएशन का खतरा होता है ऐसे में यदि किसी मरीज को साल भर में 4-5 बार सीटी स्कैन से गुजरना पड़े तो उसका भविष्य में कैंसर जैसी बिमारी होने की प्रबल संभावना हो जाती है। यह बात भोपाल के प्रतिष्ठित कैंसर संस्थान जयपुर नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एंकोलोजी डॉ विजय भार्गव ने हमिमुल को बताई उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना महामारी से संक्रमित रहे व्यक्ति पर सीटी स्कैन रेडिएशन का खतरा कई गुना ज्यादा है परंतु इस रेडिएशन के गंभीर परिणाम आने में 10-15 साल का समय लग जाता है।

वास्को ने लगाई कम क्षमता की सीटी मशीन

वास्को कंपनी द्वारा राजगढ़ जिला अस्पताल में जो जा रही सीटी स्कैन पर भी एक्सपर्ट का कहना है कि कई बार जिले में की जा रही सीटी स्कैन किसी काम भी नहीं होती क्योंकि उनकी स्कैन कंपेसिटी इतनी कम होती है नहीं है डायग्नोस नहीं हो पाता ऐसी स्थिति में हमें दुबारा मरीज का सीटी स्कैन हाईकेपेसिटी पर करना होता है। जिससे मरीज को लगातार सीटी स्कैन के रेडिएशन का सामना करना पड़ता है।

विवाहिता की भोपाल में इलाज दौरान मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

डीआर संवाददाता ■ सुसनेर

सुसनेर थाना क्षेत्र के मोतबावली गांव की एक विवाहिता ने कथित रूप से जहर खा लिया। महिला को गंभीर हालत में भोपाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका के भाई मांगीलाल ने बताया कि वे दिवाली के दो दिन पहले सोमवार को उदर खा लिया था। ससुराल वाले के लोग उसे गंभीर हालत में भोपाल ले गए थे, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही मायके पक्ष ने इसे हत्या करार देते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतिका के मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि ससुराल पक्ष ने उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं दी। वे लगातार इलाज और स्थिति जानने का प्रयास करते रहे, लेकिन पति महेश उन्हें गुमराह करता रहा और वास्तविक हालात छिपाता रहा।

मौत से पहले हुआ था विवाद

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद मंगलवार सुबह उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। पति महेश उसे सुसनेर इलाज के लिए भोपाल ले गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी रही और मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजन सुसनेर थाने पहुंचे और ससुरालवालों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की गई।

रिपोर्ट के आधार पर जांच करेंगे

थाना प्रभारी ने दर्ज हुआ है। जैसे ही मौत की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आएगी, सोमवारीय रिपोर्ट और अन्य सभी के आधार पर जांच आगे की जाएगी। मोबाईल के विवाद सहित कारणों की जांच की।

अमित राठौर, थाना प्रभारी, सुसनेर।